दिनांक : 11 .07.2025 समय : 07.10AM

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी, भोपाल

प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :-

- इंदौर में आज "मध्य प्रदेश ग्रोथ कॉन्क्लेव 2025- सिटीज ऑफ टुमॉरो" का आयोजन। मुख्यमंत्री करेंगे शुभारंभ।
- राष्ट्रीय आयुष मिशन संबंधी नीतिगत दस्तावेज के लिए अंतरराज्यीय बैठक आज राजधानी भोपाल में होगी।
- शासकीय विभागों में खाली पदों को भरने का काम तेजी से पूरा किए जाने के निर्देश।
- प्रदेश में बारिश का दौर जारी। नौ जिलों में भारी बारिश का अलर्ट।

ग्रोथ कॉन्क्लेव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज इंदौर स्थित ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में आयोजित "मध्य प्रदेश ग्रोथ कॉन्क्लेव 2025- सिटीज ऑफ टुमॉरो" का शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री कॉन्क्लेव में होटल, पर्यटन, रियल एस्टेट और इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्रों के प्रमुख निवेशकों से संवाद करेंगे। यह आयोजन प्रदेश में शहरी विकास के ब्लूप्रिंट और भविष्य की योजनाओं पर केंद्रित रहेगा। इसमें 1500 से अधिक निवेशकों, उद्योगपतियों, कॉर्पोरेट प्रतिनिधि शामिल होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव दोपहर 1ः30 बजे कॉन्क्लेव स्थल पर पहुंचकर एक्जीबिशन का अवलोकन करेंगे, उसके बाद विशिष्ट अतिथियों के साथ बैठक करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव दोपहर 3 बजे दीप प्रज्ज्वलन के साथ कॉन्क्लेव का शुभारंभ करेंगे। कॉन्क्लेव में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और नगरीय प्रशासन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। आयोजन में क्रेडाई, नगर निगम, आईडीए, स्मार्ट सिटी, हाउसिंग बोर्ड, मैट्रो, हुडको, एलआईसी सहित कई संस्थाओं की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। ग्रोथ कॉन्क्लेव में चार तकनीकी-सत्र आयोजित होंगे।

आयुष मिशन

राष्ट्रीय आयुष मिशन संबंधी नीतिगत दस्तावेज के लिए अंतरराज्यीय बैठक आज प्रदेश की राजधानी भोपाल में आयोजित की जाएगी। बैठक में केंद्रीय आयुष मंत्रालय के अधिकारियों के साथ संबंधित राज्य के आयुष विभाग के उच्च अधिकारी शामिल होंगे। आयुष चिकित्सा को चिकित्सा की मुख्य धारा में लाकर आमजन को उच्च स्तरीय आयुष चिकित्सा प्रदान करना तथा आयुष विभाग की अधोसंरचना एवं उच्च गुणवत्तायुक्त मानव संसाधन उपलब्ध कराना इस बैठक का उद्देश्य है। राष्ट्रीय आयुष मिशन की शुरुआत 2014 में हुई थी, जिसका उद्देश्य भारतीय चिकित्सा प्रणालियों को बढ़ावा देना और स्वास्थ्य सेवा वितरण में उनके एकीकरण को बढ़ाना है।

सिंहस्थ-मुख्यमंत्री

उज्जैन में आगामी सिंहस्थ मेले में राज्य सरकार यात्रियों को मंदिरों एवं अन्य स्थानों तक सुगमता से पहुँचाने हेतु वायु मार्ग, सड़क मार्ग के साथ जल मार्ग परिवहन की सुविधा भी प्रदान करेगी। मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने इस संबंध में सरकार की तैयारियों की जानकारी दी।

निषादराज सम्मेलन

निषादराज सम्मेलन कल उज्जैन में आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इस सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। मत्स्य पालन एवं मछुआ कल्याण राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार ने कहा है कि निषादराज सम्मेलन से राज्य सरकार निषाद समाज की परंपराओं को सम्मान दे रही है। उन्होंने इस सम्मेलन के लिए मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव का आभार माना है। राज्य मंत्री श्री पंवार ने बताया कि मुख्यमंत्री कार्यक्रम में 22.65 करोड़ रूपये की लागत के 453 स्मार्ट फिश पार्लर, 40 करोड़ रूपये की लागत से बन रहे अत्याधुनिक अंडर वॉटर टनल सहित एक्वापार्क और 91.80 करोड़ रूपये की लागत से इंदिरा सागर जलाशय में 3060 केजेस का वर्चुअली भूमि-पूजन करेंगे।

सावन माह

आज से पवित्र सावन महीने की शुरुआत हो गई है। सावन माह के पहले दिन उज्जैन में महाकालेश्वर मंदिर में भगवान महाकाल की आरती की गई। प्रदेश भर के मंदिरों में सुबह से ही भक्त दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। आगर मालवा कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने प्राचीन शिवालय बाबा बैजनाथ महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं के लिए की गई व्यवस्थाओं की समीक्षा की। सावन मेला के साथ ही नर्मदा, क्षिप्रा समेत अन्य पवित्र नदियों का जल लेकर कांवडियों के निकलने का सिलसिला शुरू हो गया है।

भर्ती निर्देश

मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने कहा है कि शासकीय विभागों में खाली पदों को भरने का काम तेजी से पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि खाली पदों पर सतत् रूप से नियुक्तियों का काम होने से विभागों के नियमित कार्यों में गति आ रही है। साथ ही वर्षों पश्चात पदोन्नतियों की प्रक्रिया प्रारंभ किए जाने से भी बड़ी संख्या में पदों पर नियुक्ति का कार्य आसान हो रहा है। कल मुख्यमंत्री आवास में स्थित समत्व भवन में हुई बैठक में मुख्यमंत्री डॉक्टर यादव ने वरिष्ठ अधिकारियों को नई शासकीय भर्तियों की निरंतर समीक्षा करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर मुख्य सचिव सामान्य प्रशासन विभाग संजय कुमार शुक्ल ने लोक सेवा आयोग, कर्मचारी चयन मंडल और अन्य स्तर से नवीन शासकीय भर्तियों की प्रगति की जानकारी दी। बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

गुरू पूर्णिमा

प्रदेश में दो दिवसीय गुरुपूर्णिमा का उत्सव भक्तिभाव से मनाया जा रहा है। इस दौरान गुरू दीक्षाए, सांस्कृतिक सभाएं और गुरू शिष्य परम्परा के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। प्रदेश के संस्कृति विभाग द्वारा मध्य प्रदेश जनजातीय संग्रहालय में गुरु पूर्णिमा पर गुरु की महानता के प्रति आदर प्रकट करने की संस्कृत पहल पर कल विशेष सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। वहीं, स्कूलों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए।

मौसम

प्रदेश में बारिश का दौर जारी है। कल 15 जिलों में तेज बारिश हुई। एक रिपोर्ट के अनुसार, ग्वालियर और रीवा में कल नौ घंटे में करीब 8 सेंटीमीटर बारिश दर्ज की गई। दतिया, टीकमगढ़, सतना और छतरपुर के खजुराहो में तेज बारिश हुई। सीधी, गुना, सागर, उमरिया, दतिया, मऊगंज, दमोह, सिवनी, मऊगंज में भी बारिश का दौर जारी रहा। लगातार बारिश से नदी-नाले उफान पर हैं। सागर और सीहोर में दो कारें तेज बहाव में बह गई। दतिया में एक ऑटो बह गया। वहीं, राजधानी भोपाल समेत ज्यादातर जिलों में मौसम खुला रहा। मौसम विभाग ने आज सिंगरौली, शहडोल, बालाघाट समेत 9 जिलों में अति भारी बारिश का आरेंज अलर्ट जारी किया है। प्रदेश के अन्य जिलों में भारी वर्षा के लिए यलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार 14 जुलाई तक प्रदेश में बारिश का दौर जारी रहने के आसार बने हुए हैं।

क्रिकेट

क्रिकेट में, इंग्लैंड आज लॉर्ड्स में एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के तीसरे टेस्ट के दूसरे दिन भारत के साथ अपनी पहली पारी में कल के स्कोर 4 विकेट पर 251 रन से आगे खेलेगा। मैच भारतीय समय के अनुसार दोपहर साढे तीन बजे शुरू होगा। इंग्लैंड अभी मज़बूत स्थिति में है। कल पहले दिन का खेल समाप्त होने पर जो रूट नाबाद 99 रन और बेन स्टोक्स 39 रन बनाकर क्रीज़ पर थे।

समाचार संक्षेप में .....

- शिवपुरी जिले में अग्निवीर सेना भर्ती रैली का आयोजन 01 से 14 अगस्त तक किया जायेगा। इस भर्ती रैली में 10 जिलों सागर, छतरपुर, टीकमगढ़, निवारी, शिवपुरी, दतिया, श्योपुर, मुरैना, भिण्ड और ग्वालियर, के लगभग 10 हजार युवा भाग लेंगे।
- झाबुआ जिले के थांदला और मेघनगर विकासखंडों में कल पशुपालन विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।
- अशोकनगर जिले के करीला धाम में सीता रसोई का शुभारंभ कल मुंगावली विधायक बृजेंद्र सिंह यादव, और कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा किया गया।
- छात्राओं को लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 एवं बाल अधिकार तथा जेंडर भेदभाव से संबंधित कल आगरमालवा स्थित शासकीय आदर्श कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित हुई कार्यशाला में पोक्सो एक्ट एवं बाल अधिकारों के संबंध में अवगत कराया गया।
- नर्मदापुरम में केंद्रीय जेल नर्मदापुरम में बंदियों के लिए जिला चिकित्सालय मन कक्ष द्वारा एक दिवसीय मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

-------